अनाज काटने और दूसरी आशिषो को मनाना।

जो बच्चो को पढ़ाते है वह एच। बी का अध्ययन करें।

प्रार्थना: प्रभु मेरे झुण्ड और मेरी सहायता कर कि हम आपका धन्यवाद उन सब आशिषो के लिए करें जो आपने हमें दी।

स्थानिय रीति रीवाज और समयाअनुसार अपनी गतिविधियां चुनें।

आप पर्वो का सप्ताह मना सकते हैं, जैसे उपज के पहले फल का वर्ष और वर्ष के अन्त में बटोरने का पर्व। *निर्गमन 34:22*

1. अपने झुण्ड को तैयार करने में सहायता करे कि वह ह्यर्दिक धन्यवाद परमेश्वर को कर सके।

पृष्ठभूमि

- परमेश्वर ने पूर्व इस्राएलियो को पर्वो का सप्ताह मानने की आज्ञा दी, जो कि बाद मे पेन्तेकुस्त कहलाया गया।
- परमेश्वर ने पुराने इस्राएलियों को प्रतिदिन परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए। संसार में बहुत से विश्वासी परमेश्वर का धन्यवाद उसकी आशिषो के लिए प्रतिवर्ष मनाते हैं, साधारणतया अनाज काटने के समय, पुराने नियम के सप्ताहो के पर्व की तरह।
- बहुत सी कलिसियाए पेन्तेकुस्त मनाते हैं लेकिन अनाज काटने के त्यौहार की तरह नहीं। वह इसे इसलिए मनाते हैं कि उस दिन परमेश्वर ने पवित्र आत्मा के द्वारा नई वाचा के समाज को जन्म दिया। यह घटना आत्मिक फसल थी क्योंकि परमेश्वर नए विश्वासियो के शरीर में इकठ्ठा हुआ, और बहुत से यहूदी लोग कई देशों में बिखर गए थे।
- लगभग सभी समाज किसी प्रकार की उपज का त्यौहार मनाते हैं, जिसमें लोग इकठ्ठा होकर परमेश्वर को उसकी आशिषो के लिए धन्यवाद करते हैं। कुछ सभ्यताओं में मूर्तिपूजा के रूप में मनाते हैं, लेकिन विश्वासी उसमें कभी कभी हिस्सा इसलिए लेते हैं कि वह उनका ध्यान, झूठे देवताओ से हटाकर एक सच्चे परमेश्वर की तरफ मोड़े।

निर्गमन 14:5 से 15:13 में ढूंढे कि परमेश्वर ने इस्राएलियो के लिए क्या किया और मूसा का गान जो उसने धन्यवाद प्रकट के लिए गया ताकि परमेश्वर के लोग धन्यवाद करें।

निर्गमन 15:14–21 में ढूंढें कि मरियम और दूसरी स्त्रियों ने धन्यवाद देने के लिए कौनसा गीत गाया।

2. सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियों को सहकर्मी के साथ बनाएॅं।

उस विश्वासी के पास जाएं जो बहुत ज्यादा या कभी कभी प्रभु की आशिषों के लिए धन्यवाद की शिकायत करता है। उसके साथ प्रार्थना करें, प्रभु को धन्यवाद देने के विषय में विचार करें और उत्साहित करें कि वह प्रभु का प्रतिदिन धन्यवाद करे, जो कुछ उसके लिए किया।

परमेश्वर को धन्यवाद देने के लिए खास त्यौहार या उत्सव मनाने की योजना बनाए।

अगर स्थानिय समाज किसी प्रकार के उपज के त्यौहार को मनाता है तो यह बताने में उसकी सहायता करें कि एक सच्चा परमेश्वर है जो सब चीजों का दाता है। वह राष्ट्रीय छुट्टियो पर भी लागू होता है। साधारणतया विश्वासी उसमें प्रेम सम्बन्ध बढ़ाने के हिस्सा लेते हैं, लेकिन वो पापमय अभ्यास को, अपने विश्वासी की गवाही और स्पष्ट प्रभाव से बदल देते हैं।

सांस्कृतिक घटना को मसीह उत्सव में स्वीकृत करने के लिए यह कदम उठाए।

- कुछ लोग, स्त्रियो, बुजुर्गो और जवानो को एक साथ मिलाकर विषय पर विचार विर्मश करें।
- सारे रीति, चिन्ह और सांस्कृतिक घटनाओ का अर्थ आदि की एक सूची बनाए (आप गैर विश्वासियो से भी सूची बनाने में सहायता ले सकते हैं)
- पृष्ठ तीन के ऊपर तीन प्रश्नों के उत्तरों पर विचार करें।

सांस्कृतिक समाधान प्रश्न

1) कौन सी प्राथमिक घटनाएँ परमेश्वर और अधिकतर मसीहो को स्विकार है?
2) कौन सी बाइबल की कहानियाँ और शिक्षाएँ घटना में उपयुक्त है?
3) कौन सी प्राथमिक घटनाएँ बाइबल की सच्चाई से जरूर बदलनी चाहिए?

- एक साथ योजना बनाइए कि आप घटनाओं को कैसे मनाओगे जिससे समाज को सम्मान मिले और एक सच्चे परमेश्वर का आदर हो।
- कुछ गैर विश्वासियों को अपने साथ मिलाए, जब आप मसीही रूप को सांस्कृतिक घटना की तरह करते हैं बाद में उनसे मालूम करे कि उन्हें कैसा लगा। शायद आपको कभी मसीह रूप में भूलो को ठीक करना पड़े।

उदाहरणस्वरूप

- जहाँ गैरविश्वासी एक स्थानिय आत्मा से जवान पत्नियो को माँ बनने के लिए प्रार्थना कर रहे थे, वही नए मसीहियों खास प्रार्थना सभा में परमेश्वर से यीशु के नाम पर उनको बच्चे प्राप्त होने की प्रार्थना कर रहे थे। सब इन्तजार कर रहे थे और देख रहे थे। नौ महीने बाद, सब नई पत्नियो को बच्चे पैदा हुए।
- जहाँ मूर्तिपूजा और दुराचार अभ्यास, जवान लोगो के लिए एक संस्कार की शुरूआत है, वही मसीहो के लिए संस्कार का विरोध करने के बजाय एक नए संस्कार देते हैं जो परमेश्वर को सम्मान दे, सांस्कृतिक मूल्य और बड़ों के प्रति अच्छा बर्ताव करना सिखाते हैं। अब गैर मसीही भी चाहते हैं कि मसीही उनके बच्चो को संस्कार दे।
- जहाँ लोग पहले से ही एक परमेश्वर की पूजा करते हैं, मसीही वही प्रार्थना यीशु का नाम लेकर करते हैं। यहां तक जो गैर मसीही यीशु के नाम से प्रार्थना करते हैं वह यह पाते हैं कि उनकी बहुत सी प्रार्थनाओं का उत्तर मिलता है। इस तरह बहुत से मसीही विश्वासी बन गए।

3. सहकर्मी के साथ आने वाली आराधना समय का कार्यक्रम बनाए।

निर्गमन से कहानी पढ़ो और अभिनय करो कि किस अद्‌भुत तरीके से परमेश्वर ने मिस्र की सेना से अपने लोगो की रक्षा की। कैसे मूसा और उसकी बहन मरियम ने धन्यवाद उत्सव मनाने में लोगो की सहायता की।

वर्णन करे कैसे विश्वासी उपज के पर्व में हिस्सा ले जिससे दोस्ती बढ़े और आत्माओ या मूर्ती को चढ़ावा देने की जगह एक सच्चे परमेश्वर की स्तुति करें।

विश्वासी अपनी धन्यवाद की गवाहियॉ दे, जो आशिषे उनको परमेश्वर से प्राप्त हुई

जो **बच्चो** ने तैयार किया वह प्रस्तुत करें।

प्रभु भोज के परिचय के लिए यूहन्ना 6:47-51 पढ़ें।

दो तीन आदमियो के छोटे झुण्ड से एक दूसरे के लिए प्रार्थना करो। सोचिए हम परमेश्वर को क्यों धन्यवाद करते हैं और धन्यवाद की गतिविधियाँ नियोजित करें।

भजनसंहिता 69:30 याद करें